तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 23 जनवरी 2026



10 राजिम पुलिस ने 10 लाख रूपए का गांजा पकड़ा, दो...





11 बच्चों ने स्किट के माध्यम से दी यातायात नियमों की जानकारी






## खबर संक्षेप

### कुल्हाड़ीघाट में मड़ई मेला 24 जनवरी को

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 18 किलो मीटर दूर ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीघाट में 24 जनवरी दिन शनिवार को मड़ाई मेला का आयोजन किया गया है। इस दौरान विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के देव स्थल बुड़ाराज के दरबार में विशेष पूजा अर्चना किया जाएगा। कुल्हाड़ीघाट मड़ई मेला को लेकर भव्य तैयारी किया जा रहा है। ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीघाट के सरपंच बनसिंह सोरी ने समस्त क्षेत्रवासियों को मड़ाई मेला में शामिल होने की अपील की है।

### गणतंत्र दिवस के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

**गरियाबंद।** गरियाबंद जिले में 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उक्त दिवस को जिले की समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें तथा मद्य भाण्डागार पूर्णतः बंद रहेगी। कलेक्टर श्री बीएस उइके ने आबकारी अमले को उक्त शुष्क दिवस में किसी भी अधिकृत एवं अनाधिकृत स्थानों से मदिरा का अवैध निर्माण, आधिपत्य, परिवहन, क्रय-विक्रय, भंडारण तथा तस्करी न हो इस पर पूर्ण नियंत्रण रखने कहा है। शिकायत प्राप्त होने पर सख्ती से रोक लगाने और उन्हें जप्त करने की कार्यवाही किया जायेगा।

### राज्य स्तरीय रोजगार मेला 29 से 31 तक

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ शासन, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग एवं संचालनालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण, छत्तीसगढ, रायपुर के अंतर्गत शेष पेज 10 पर

## विडंबना : खुले आसमान के नीचे या फिर झोपड़ी में संचालित हैं कक्षाएं

# कागजों पर चकाचक स्कूल, हकीकत में खुले आसमान के नीचे पढ़ने को बच्चे हैं मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

सरकारी रिकॉर्डो में चकाचक स्कूल भवन का दावा किया जाता है लेकिन ठीक इसके विपरीत गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के पहाड़ी के ऊपर बसे विशेष पिछड़ी कमार जनजाति ग्रामों में जमीनी हकीकत कुछ और ही है। आज भी यहां आदिवासी बच्चे भवन के अभाव में खुले आसमान के नीचे या किसी ग्रामीण के झोपड़ी भविष्य गढ़ने मजबूर हो रहे है। ऐसा नहीं कि इस सच्चाई से स्थानीय विभाग के अधिकारी अवगत न हो। एक तरफ शिक्षा के क्षेत्र में केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा लाखों करोड़ों रुपए पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है ताकि हर बच्चे को शिक्षा हासिल हो सके लेकिन आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के राजीव गोदग्राम कुल्हाड़ीघाट पहाड़ी के ऊपर बसे आश्रित ग्राम ताराझर, कुरवापानी, मटाल, भालुडिग्गी चार गांव में ऐसे स्कूल का संचालन किया जा रहा है जहां आज तक भवन का निर्माण नहीं किया गया है जिसके कारण आदिवासी कमार जनजाति के बच्चे या तो पेड़ के नीचे शिक्षा ग्रहण करने मजबूर हो रहे है या फिर झोपड़ियों में पढ़ाई करते है और तो और इन ग्रामों में आज तक जिला शिक्षा अधिकारी की बात तो छोड़ दीजिए ब्लॉक स्तर के भी शिक्षा अधिकारी नहीं पहुंच पाए हैं, विशेष पिछड़ी कमार जनजाति ग्राम ताराझर, कुर्वापानी, मटाल, भालूडिग्गी यहां शासन द्वारा लगभग 15 से 20 वर्ष पहले प्राथमिक शिक्षा के लिए स्कूल तो खोला गया है लेकिन इन ग्रामों में पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए भवन का निर्माण आज तक नहीं किया गया है जिसके कारण खुले आसमान के नीचे विशेष पिछड़ी आदिवासी कमार बच्चे अपने सुनहरे भविष्य गढ़ रहे है। ताराझर प्राथमिक शाला वर्तमान में 15 छात्र-छात्राएं हैं भवन निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ था लेकिन आज तक 15 शेष पेज 10 पर



### न जांच हुई और न ही कार्रवाई : सरंपच

सरपंच बनसिंग सोरी ने बताया कि स्कूल भवन निर्माण के लिए लाखों रूपए स्वीकृत हुआ। आज तक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ इसकी शिकायत विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी से लेकर कलेक्टर और राज्यपाल तक कर चुका हूॅ आदिवासी कमार बच्चों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। इस मामले में न तो जॉच हुई न कोई कार्यवाही।

### निर्माण कार्य अधूरा : बीआरसीसी नागे

विकासखण्ड के बीआरसीसी शिवकुमार नागे ने बताया की चारों ग्रामों में स्कूल भवन के लिए राशि स्वीकृत हुआ है अभी तक निर्माण कार्य अधूरा है।

# जिले में 5वीं और 8वीं की केन्द्रीकृत परीक्षाएं 16 मार्च से



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

- शिक्षा विभाग ने जारी की समय-सारणी

प्रदेश सहित गरियाबंद जिले में 5 वीं एवं 8वीं की केन्द्रीकृत-परीक्षाएं 16 मार्च से शुरू होंगी। परीक्षा में सरकारी के साथ ही अनुदान प्राप्त और प्राइवेट स्कूल के बच्चे सम्मिलित होंगे। परीक्षा का संचालन जिला स्तरीय समिति की निगरानी में होगा। जिला शिक्षाधिकारी गरियाबंद जगजीत सिंह धीर ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय ने 5व एवं 8वीं केन्द्रीकृत परीक्षा की समय सारणी के साथ ही सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। कक्षा पांचवीं की परीक्षा 16 से 25 मार्च तक सुबह 9 बजे से पूर्वान्ह 11 बजे तक तथा आठवीं की परीक्षा 17 मार्च से 6 अप्रैल तक सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिलों को जारी निर्देश के अनुसार प्रत्येक विद्यार्थी का रोल नंबर विद्यालयवार 28 फरवरी तक बीईओ के माध्यम से उपलब्ध कराएंगे। परीक्षा के लिए जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संचालन समिति गठित की जाएगी। परीक्षा में समस्त सरकारी और अनुदान प्राप्त के साथ ही छत्तीसगढ़ बोर्ड से मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूल (हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम) के विद्यार्थी अनिवार्य रूप से सम्मिलित होंगे। दोनों परीक्षाओं के लिए प्रश्न पत्रों का निर्माण लोक शिक्षण शेष पेज 10 पर

## देवभोग में लगा सड़क सुरक्षा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत गरियाबंद पुलिस द्वारा थाना देवभोग क्षेत्र में निःशुल्क लर्निंग लाइसेंस एवं हेल्मेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दिनांक 22 जनवरी 2026 को पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के दिशा-निर्देश में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक लीतेश सिंह (यातायात नोडल), जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर शेष पेज 10 पर



बांटे गए लर्निंग लाइसेंस और हेल्मेट

## विधायक की अनुशंसा पर विकास कार्यों के लिए 18.50 लाख रुपए स्वीकृत

**गरियाबंद।** गरियाबंद जिले अंतर्गत बिन्द्रानवागढ़ के विधायक जनक धुरव की अनुशंसा पर कलेक्टर बीएस उइके ने 5 निर्माण कार्यों के लिए 18 लाख 50 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखण्ड देवभाग अंतर्गत ग्राम पंचायत सुकलीभाटा नवीन में दीवानमुड़ा मार्ग में बंशी खेत के सामने पुलिया निर्माण के लिए 10 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत चिचिया के वार्ड क्र. 8 में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख रूपये, ग्राम पंचायत गाड़ाघाट में भीमागुड़ी के पास रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख 50 हजार रूपये, ग्राम पंचायत उसरीपानी में खवासपारा में रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त निर्माण कार्यों के लिए क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत देवभोग को सौंपा गया है। इसी प्रकार विकासखण्ड गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत खुर्शिपार के खुटगांव में चबूतरा निर्माण के लिए 1 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।






खबर संक्षेप

## 206 लोगों ने लिया स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर का लाभ



**नवापारा-राजिम।** चम्पारण में फुलचन्द अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर लगाया गया। इसमें 206 मरीजों का उपचार किया गया। विशेष कर पेट दर्द, खांसी, सर्दी बुखार, खुजली, उलटी, दस्त, ब्लडप्रेशर, शुगर, दंत रोग, स्त्री रोग, शिशु रोग, हड्डी रोग, आदि का उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चम्पारण के डॉ. एमए टीगाला, टीकम दीवान, सविता सरकार के 5 लोगों की टीम ने शिविरार्थियों सहित 52 लोगों का रक्त समूह की जांच की। बौद्धिक परिचर्चा में आत्मनिर्भर भारत में समाज, एवं सांस्कृतिक, राजनीतिक के योगदान विषयांतर्गत मार्गदर्शन स्वयंसेवक को दिया गया। प्रमुख रूप से, डॉ. आर. श्रीवास के कहा कि यदि देश को विश्व पटल पर देखना हो तो हमारे युवाओं को नवाचार कौशल विकास पर फोकस करना होगा तभी हम आत्म निर्भर होंगे अपनी जरूरत की वस्तु स्वयं निर्मित करनी होगी, रवि कोठारी राहुल सरकर वैभव शर्मा ने भी बहुमूल्य जानकारी ग्रामीणों व स्वयंसेवकों को दिए। यहां 65 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्यामा शांडिल्य, जिला संगठन डॉ. आर के रजक ने की।

## कर्मा माता फ्यूल्स बोरसी का शुभारंभ आज




**छुईहा बेलर।** कर्मा माता फ्यूल्स बोरसी का बसंतपंचमी के शुभअवसर पर धार्मिक परम्परागत विधिवत 23 जनवरी को 11 बजे भव्य हो रहा है। संस्था के संचालक बोधन साहू, प्रवीण साहू ने कहा की इंडियन ऑयल की कर्मा माता फ्यूल्स बोरसी का बसंत पंचमी के शुभ अवसर भव्य उद्घाटन समारोह शुक्रवार को रखा 11 बजे गया है। मूलभूत सुविधाओं को भी समायोजित किया गया है। यह बोरसी का एकमात्र ऐसा पंप है जहां इंडियन ऑयल के सभी उत्पाद एवं सुविधाएं एक ही परिसर में प्राप्त होगी।कार्यक्रम के मुख्यातिथि रोहित साहू विधायक-राजिम विधानसभा होंगें संस्था की ओर से बोधन साहू, सुषमा साहू, मनीष सहू प्राची, डॉ. रूपनारायण साहू
आद्या, अनिका, श्रीश, राजविका उपस्थित रहेंगे एंव अधिक संख्या में उपस्थित रहने अपिल की है।

**समस्या :** लापरवाही और प्रशासनिक फेरबदल के कारण इन वस्तुओं की सप्लाई ठप

# 2 साल से लड्डू-चिकी और दूध बंद, रोटी भी नहीं, आंगनबाड़ियों में पोषण पर लगा ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले में नौनिहालों की सेहत के साथ बड़ा खिलवाड़ हो रहा है। आंगनबाड़ियों में खेल-खेल में शिक्षा और पोषण लेने पहुंच रहे हजारों बच्चों को पिछले दो सालों से लड्डू, चिकी और दूध नसीब नहीं हुआ है। आलम यह है कि पौष्टिक आहार के नाम पर अब केवल दलिया, चावल और दाल सब्जी ही परोसा जा रहा है, जिससे बच्चों के संपूर्ण विकास पर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं।
गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर में 348 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं, जहां लगभग हजारों बच्चे पंजीकृत हैं। सरकार की योजना के अनुसार, बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए प्रोटीन और कैल्शियम युक्त लड्डू, चिकी और दूध दिया जाना अनिवार्य है। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय स्तर पर हुई लापरवाही और प्रशासनिक फेरबदल के कारण इन वस्तुओं की सप्लाई पूरी तरह ठप पड़ी है। अभिभावकों का कहना है कि पहले बच्चों को चाव से खाने वाली सामग्री मिलती थी, जिससे वे केंद्र आने के लिए उत्साहित रहते थे, लेकिन अब मेनू से इन मुख्य पोषक तत्वों के गायब होने से केंद्रों में बच्चों की रुचि भी कम हो रही है आंगनवाड़ियों में दूध, लड्डू, और रोटी (चिंकी रोटी) वितरण का मुख्य उद्देश्य बच्चों और गर्भवती/स्तनपान कराने वाली माताओं में कुपोषण को दूर करना, शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देना, और पोषण स्तर में सुधार करना है, ताकि उन्हें आवश्यक पोषक तत्व मिलें, बीमारियों से बचाया जा सके, और स्कूल में बच्चों का नामांकन बढ़े। यह पूरक पोषण सेवा का हिस्सा था जो गर्भवती और 0–6 वर्ष के बच्चों के लिए एकीकृत बाल विकास सेवा का महत्वपूर्ण अंग था।






### वर्तमान में केवल रेडी-टू-इट दिया जा रहा

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार पाण्डेय ने बताया की पिछले दो साल से आंगनबाड़ियों में दूध, लड्डू और चिकी पर रोक लग गई है वर्तमान में केवल रेडी-टू-इट और सामान्य भोजन (दाल–चावल) ही बच्चों को वितरित किया जा रहा है। उन्होने बताया की गरियाबंद जिले में कुल 32 हजार बच्चें आंगनबाड़ी में है।



## राजिम पुलिस ने 10 लाख रूपए का गांजा पकड़ा, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

ऑपरेशन निश्चय के अंतर्गत पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज, अमरेश मिश्रा के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में रेंज स्तर पर ऑपरेशन निश्चय चलाया जा रहा है। जिसके परिपालन में समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अवैध गांजा, हीरा के साथ वन्य जीवों के तस्करी पर रोकथाम एवं प्रभावी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य में 19 जनवरी को थाना प्रभारी अमृत लाल साहू को मुखबीर की सूचना पर दो व्यक्ति एक बिना नंबर प्लेट की बजाज पल्सर एनएस 400 मोटर साइकल से गांधी नगर की ओर राजिम पुल के तरफ जाने की सूचना मिली। इस सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल टीम तैयार कर मुखबीर द्वारा बताएं सूचना के आधार पर घेराबंदी कर संबंधित आरोपी को बिना नंबर प्लेट की गाड़ी बजाज पल्सर एनएस 400 के साथ आते देख रोक कर पुछताछ करने पर वाहन चालक ने अपना नाम राकेश सिंह पिता परमेश्वर सिंह उम्र 21 वर्ष व बाइक में बैठे दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम डोमेश्वर सिंह पिता पवन सिंह उम्र 22 वर्ष साकिन ग्राम सलोनी वार्ड नं. 12 भाठापारा थाना जालबांधा जिला खैरागढ़ का होना बताया गया। पुलिस टीम द्वारा संदेहियों की तलाशी के दौरान एक काला रंग के बैग में 2 पैकेट गांजा मादक पदार्थ बरामद किया गया। उक्त अवैध गांजा मादक पदार्थ को तौल करवाने पर 12.46 किलो ग्राम एवं 7.230 किलो ग्राम कुल वजन 19.696 किलो ग्राम होना पाया गया। उक्त गांजा की कीमती 9 लाख 98 हजार 450 रुपए व घटना में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की गाड़ी बजाज पल्सर एनएस 400 कीमती 1 लाख 50 हजार रुपए एवं 2 मोबाइल कीमती 15,000 हजार। कुल जुमला कीमती 11 लाख 63 हजार 450 रुपए को समक्ष गवाहन के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपियों का उक्त कृत्य अपराध धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट का पाये जाने से थाना राजिम में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में आरोपी राकेश सिंह एवं डोमेश्वर सिंह को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## राजिम मार्ग पर दिखी दुर्लभ जंगली बिल्ली



**राजिम।** छत्तीसगढ़ का गरियाबंद जिला अपनी प्राकृतिक सुंदरता और घने जंगलों के लिए जाना जाता है, लेकिन हाल ही में यहाँ के ग्रामीण इलाके से सटे जंगल में जो नजारा दिखा, उसने वन्यजीव विशेषज्ञों और स्थानीय प्रशासन को उत्साहित कर दिया है। यहां एक दुर्लभ जंगली बिल्ली अपने नन्हे शावक के साथ विचरण करती हुई देखी गई है। कचना धुर्वा के पहले राजिम मार्ग की ओर जंगल के किनारे झाड़ियों में हलचल महसूस हुई। जब करीब से देखा गया तो एक जंगली बिल्ली अपने शावक के साथ बैठी हुई थी। इस दुर्लभ नजारे को पोखराज वर्मा ने अपने मोबाइल में कैद किया। वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि जंगली बिल्ली का अपने कुनबे के साथ दिखना इस क्षेत्र की बेहतर होती जैव-विविधता का प्रमाण है। इसके प्रमुख कारण यहां के जंगल में वन्यजीवों के प्रजनन के लिए अनुकूल माहौल है।

## तीन दिवसीय संकुल स्तरीय क्रीड़ा स्पर्धा सेम्हरा में आज से

**रसेला।** ग्राम सेम्हरा में तीन दिवसीय संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 23 जनवरी से 25 जनवरी तक किया गया है। जिसका शुभारंभ शुक्रवार को विधिवत पूजा अर्चना कर आमंत्रित अतिथियों द्वारा किया जाएगा। शुभारंभ के मुख्य अतिथि होंगे सरपंच ललिता कंवर, अध्यक्षता के एल मतावले बीईओ छुरा, विशेष अतिथि होंगे प्रेम मार्कण्डेय बीआरसीसी छुरा, जनपद सदस्य नारायण सिन्हा, केशव चन्द्राकार, मोहन चन्द्राकार, दौवा साहू सहित सभी ग्राम प्रमुख और पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन का समापन 25 जनवरी को दोपहर 2 बजे किया जाएगा। जिसका मुख्य अतिथि होंगे मीरा ठाकुर जनपद अध्यक्ष छुरा, अध्यक्षता खोमन चन्द्राकार मंडल अध्यक्ष भाजपा, विशेष अतिथि के रूप में नारायण सिन्हा जनपद सदस्य, ललिता कंवर सरपंच, जोगी दीवान, रीनु चन्द्राकार उपसरपंच, पतिराम,फते साहू, प्रीत सिन्हा, ठाकुर राम चन्द्राकार सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम को सफल आयोजन के लिए संकुल केंद्र सेम्हरा समस्त शिक्षकगण और समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

## प्राचार्य और 3 प्रोफेसरों के खिलाफ शिकायत फर्जी, शासन ने किया बहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम के प्राचार्य डॉ. सविता मिश्रा तथा सहायक प्राध्यापक मोहन वर्मा, सहायक प्राध्यापक डॉ. देवेंद्र देवांगन, सहायक प्राध्यापक कु. मनीषा भोई के विरुद्ध शासन को की गई शिकायत का मामला पूरी तरह गलत निकला। इस मामले में शिकायत फर्जी पाई गई। शासन द्वारा जांच उपरांत इनके निलंबन को समाप्त कर इन्हें बहाल कर दिया गया। इनके मामले में फर्जी शिकायत करके शासन को गुमराह किया गया। शिकायतकर्ता द्वारा समान खरीदी मामले में गलत जानकारी देकर भ्रांति फैलाई गई थी। वास्तविकता यह है, कि न तो सामग्री क्रय की गई और न ही भुगतान महाविद्यालय द्वारा किया गया। जिसे जांच समिति द्वारा जांच के उपरांत सामग्री क्रय नियम 2002 एवं जेम पोर्टल के अनुरूप पाया गया। जिसकी वजह से जांच समिति द्वारा प्राचार्य एवं तीनो सहायक प्राध्यापकों के बहाली की अनुशंसा की गई। तदोपरांत शासन द्वारा इन्हें बहाल करने का आदेश दिया गया। नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव एवं महाविद्यालय जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष सुश्री छाया राही ने फर्जी शिकायतकर्ता पर कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने बताया कि, प्राचार्य डॉ. सविता मिश्रा के कार्यकाल में महाविद्यालय लगातार विकास की ओर अग्रसर हुआ है। उल्लेखनीय है कि इनके कार्यकाल में हिंदी एवं राजनीति विज्ञान विषय पर शोध केंद्र स्थापना के लिए निरंतर प्रयास किया गया। निकट भविष्य में उक्त विषयों में शोध केंद्र खुलने की संभावना है। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय की अधोसरंचना संरक्षण, अनुसंधान के लिए महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों व प्राध्यापकों को प्रेरित किया गया। छात्र-छात्राओं के हित को ध्यान में रखते हुए ई लाइब्रेरी, उत्कृष्ट शिक्षा, अनुशासन एवं हिंदी तथा राजनीति विज्ञान विषय पर शोध केंद्र की स्थापना का सफल प्रयास किया गया।

पेज 9 के शेष...

### कागजों पर चकाचक...

वर्षों में पूरा नहीं हुआ, कुर्वापानी में स्कूल भवन ही नहीं है, भालूडिग्गी में एक भवन टीन शेड़ का बनाया गया था जिसे दो साल पहले जंगली हाथियों के दलों ने तोड़फोड़ कर तहस-नहस कर दिया। यही स्थिति ग्राम मटाल की है इन चारों स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने के लिए शिक्षक की तैनाती की गई है लेकिन भवन नहीं होने के कारण खुले आसमान के नीचे या फिर किसी ग्रामीण के झोपड़ी में कक्षाएं संचालित हो रहा है।

**स्कूल भवन निर्माण के लिए दो बार राशि जारी हुआ रिकॉर्ड में स्कूल भवन-** ग्राम ताराझर, कुरवापानी, भालुडिग्गी, मटाल में स्कूल भवन निर्माण के लिए दो दशक पूर्व भी राशि जारी हुआ लेकिन यह निर्माण कार्य केवल कागजो में ही कर दिया गया और तो और स्कूल जतन योजना के नाम पर दो वर्श पहले इन चारो गांवो में भवन निर्माण के लिए लाखो रूपये जारी हुआ दो गांव में नींव खुदाई कर छोड़ दिया गया और बच्चे खुले आसमान के नीचे पढ़ाई करने विवश हो रहे है यह बेहद दुर्गम स्थल में होने के कारण यहां तैनात शिक्षक भी नियमित रूप से स्कूल नही पहुंच पाते क्योकि उन्हे सरकारी कार्य या किसी कारणवश मुख्यालय आना पड़ता है तो वापस आने जाने में 2–3 दिन लग जाता है क्योकि सड़क दुर्गम और पहुंचविहीन है क्योकि यहां पैदल जाना पड़ता है वही दूसरी ओर ओड़िशा होते हुए बड़ी मुश्किल से मोटर साइकिल के माध्यम से यहां पहुंचा जा सकता है।

### जिले में 5वीं...

संचालनालय द्वारा जारी गत वर्ष के ब्लू प्रिंट के आधार पर किया जाएगा। किसी भी विद्यार्थी को किसी भी स्थिति में परीक्षा से वंचित नहीं किया जाएगा। वार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को पूरक परीक्षा में बैठने की पात्रता होगी। विषय शिक्षक अनुत्तीर्ण विषय की अतिरिक्त कक्षाएं लेकर तैयारी कराएंगे। पूरक परीक्षा 1 जून से आयोजित की जाएगी। यदि कोई विद्यार्थी पूरक परीक्षा में अनुत्तीर्ण होता है तो भी उसे अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। गरियाबंद जिले में 996 प्राथमिक एवं 497 माध्यमिक शालायें है। जिसमें कक्षा पांचवी में 11440 विद्यार्थी एवं कक्षा आठवीं में 11483 विद्यार्थी परीक्षा दिलाएंगे। लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी की समय सारणी पांचवी आठवीं केंद्रीय कृत बोर्ड परीक्षा के लिए सारणी जारी किया गया है। जिसके अनुसार 16 मार्च से बोर्ड परीक्षाएं संचालित होगा। अलग-अलग स्तर पर गाइडलाइन जारी भी किए हैं।
**समय सारणी- कक्षा पांचवीं-** 16 मार्च-गणित, 19 मार्च- अंग्रेजी, 23 मार्च-हिन्दी, 25 मार्च-पर्यावरण
**कक्षा आठवीं-** 17 मार्च- गणित, 20 मार्च- हिन्दी, 24 मार्च- अंग्रेजी, 30 मार्च-सामाजिक विज्ञान, 2 अप्रैल- विज्ञान, 6 अप्रैल- संस्कृत/उर्दू

### राज्य स्तरीय रोजगार...

राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 29 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबाहर रायपुर में किया जाना प्रस्तावित है। उक्त रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में उपलब्ध लगभग 1 हजार 500 रिक्त पदों में चयन के लिए साक्षात्कार लिया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि राज्य स्तरीय रोजगार मेला में गरियाबंद के आवेदकों के लिए साक्षात्कार गुरूवार, 29 जनवरी 2026 को निर्धारित किया गया है। इस मेले में भाग लेने के लिए ऑनलाईन पोर्टल ईरोजगार डॉट सीजी डॉट गवर्नमेंट डॉट इन किया जा सकता है। आवेदन के लिए रोजगार पंजीयन एवं रोजगार मेला के लिए पंजीयन दोनों आवश्यक है। ऐसे आवेदक जिन्होंने ऑनलाईन पोर्टल ईरोजगार डॉट सीजी डॉट गवर्नमेंट डॉट इन में रोजगार पंजीयन एवं रोजगार मेला के लिए पंजीयन करवाया है, वे 29 जनवरी 2026 को अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता, पासपोर्ट साइज फोटो, पहचान पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, इत्यादि दस्तावेजों के साथ उक्त तिथि एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते है एवं जिन आवेदकों द्वारा रोजगार मेले में आवेदन नहीं किया है, वे रोजगार मेले के लिए अपना पंजीयन 29 जनवरी के पूर्व उक्त पोर्टल में कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र गरियाबंद से संपर्क कर सकते है।

### देवभोग में लगा...

कश्यप, एसडीओपी मैनपुर ओमप्रकाश कुजूर एवं उप पुलिस अधीक्षक मंजूलता राठौर की उपस्थिति में आरटीओ टीम के सहयोग से सड़क सुरक्षा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। एक दिवसीय शिविर के दौरान दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों ने बड़ी संख्या में लर्निंग लाइसेंस के लिए आवेदन किया। इस अवसर पर वाहन चालकों को यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने, सुरक्षित ड्राइविंग अपनाने और हेल्मेट के नियमित उपयोग के प्रति जागरूक किया गया।
कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिससे लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। इस आयोजन में नगर पंचायत देवभोग के अध्यक्ष राजेश तिवारी, उपाध्यक्ष सुशील यादव सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में थाना देवभोग एवं यातायात पुलिस की विशेष भूमिका रही।





23 जून, 7 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


## तृतीय पुण्यतिथि



स्वर्गवास 23.01.2023

पुण्यतिथि 23/01/2026

**स्व. राधेश्याम जी शर्मा**
(पूर्व विधायक भाटापारा)
(पूर्व अध्यक्ष - जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर)

आदरणीय पिता जी जो जीवन आपने जिया, वही आपकी पहचान है।
कर्तव्य, ईमानदारी और सेवा का जो मार्ग आपने दिखाया
वही हमारी सबसे बड़ी विरासत है। **आपको शत शत नमन...**
**आपकी स्मृतियां आशीर्वाद के रूप मे सदैव हमारे साथ रहे...**

आज ही के दिन हमारे पिताजी
**स्व. श्री राधेश्याम जी शर्मा** ब्रम्हलीन हो गये थे।
समस्त परिवारजन एवं शुभचिंतकों के द्वारा आपको **भावपूर्ण श्रद्धांजलि** अर्पित करते है।

श्रद्धानवत्

**लक्ष्मीनारायण शर्मा,**
**अशोक शर्मा, मनोज शर्मा,**
**विजय शर्मा (भतीजे)**
**एवं समस्त कलावटिया परिवार**
**रायपुर (छ.ग.)**

**राजेश शर्मा (पुत्र)**
पूर्व अध्यक्ष- जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक रायपुर
पूर्व सभापति जिला पंचायत रायपुर
**अमित शर्मा (बंटी) (पुत्र)**
पूर्व अध्यक्ष, जनपद पंचायत भाटापारा
**रेणु शर्मा- राकेश शर्मा** (बेटी - दामाद)
**डॉ. मोना शर्मा - डॉ. सुरेन्द्र शर्मा** (बेटी-दामाद)
**युवराज, रघुराज (पौत्र)**

फर्म- माँ मौवली राईस इंडस्ट्रीज रायपुर

## खबर संक्षेप



### बच्चों ने स्किट के माध्यम से दी यातायात नियमों की जानकारी

**मैनपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, मुंगझर में गुरुवार को रोड सेफ्टी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस थाना देवभोग के प्रभारी थाना प्रभारी दिनुराम सेठिया, हेड कॉन्स्टेबल विजय मिश्रा एवं कॉन्स्टेबल पुष्पेंद्र साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र–छात्रओं द्वारा सड़क सुरक्षा पर आधारित प्रेरणादायक स्किट प्रस्तुत की गई, जिसमें यातायात नियमों के महत्व को रोचक तरीके से दर्शाया गया। विद्यार्थियों ने भाषण के माध्यम से भी रोड सेफ्टी के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुमिता सिंह ने बच्चों को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। वहीं थाना प्रभारी दिनुराम सेठिया ने रोड सेफ्टी के साथ-साथ साइबर सेफ्टी एवं रजत महोत्सव के बारे में भी विस्तार से जानकारी साझा की। कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा सातवीं की छात्र आराध्या साहू एवं मुहूर्त कश्यप ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यक्रम अधिकारी नीरज कुमार साहू ने भी रोड सेफ्टी पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

### मौसम का बदलता मिजाज



**मैनपुर।** इन दिनों तेजी से मौसम का मिजाज बदल रहा है। अचानक बदली फिर मौसम साफ के चलते जहां एक ओर इसका विपरित असर सेहत पर पड़ रहा है।

**समस्या :** राजिम कुंभ कल्प मेला के लिए अब सप्ताह भर का समय शेष

# राजिम कुंभ कल्प, तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार लेकिन यातायात व्यवस्था पर गहराया संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध राजिम कुंभ कल्प मेला के लिए अब महज एक सप्ताह का समय शेष रह गया है। जैसे-जैसे यह तारीख नजदीक आ रही है, तैयारियों ने रफ्तार पकड़ ली है। मेला स्थल पर प्रशासन, नगर निकाय और विभिन्न विभाग दिन-रात व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। मेला क्षेत्र में अस्थायी सड़क, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं और आगंतुकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग, यातायात नियंत्रण, सूचना केंद्र तथा चिकित्सा शिविरों की भी व्यापक व्यवस्था की जा रही है। पुलिस और प्रशासन द्वारा सुरक्षा प्लान को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस भव्य आयोजन में राज्य के कोने-कोने से श्रद्धालु, संत-महात्मा, कलाकार और पर्यटक पहुंचेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकनृत्य-लोकगीत, प्रदर्शनी मेले का प्रमुख आकर्षण होंगे। स्थानीय व्यापारियों और कारीगरों में भी उत्साह का माहौल है, जिन्हें इस आयोजन से रोजगार और व्यापारिक अवसर मिलने की उम्मीद है। प्रशासन का दावा है कि इस वर्ष मेला पहले से अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और भव्य होगा। सप्ताह भर बाद शुरू होने वाले इस राज्यस्तरीय मेले को लेकर जनमानस में उत्सुकता चरम पर है और पूरे क्षेत्र में उत्सव का वातावरण बनता जा रहा।





### मेला अवधि में राजिम क्षेत्र की यातायात व्यवस्था पर बड़ा सवाल

राजिम में पंडित जवाहरलाल नेहरू पुल, फारेस्ट नाका से लेकर पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक से चौबेबांधा मार्ग तक जो सड़क है वह अब बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए सकरा पड़ रहा है। इस मार्ग पर सामान्य दिनों में भी वाहनों की आवाजाही के दौरान अक्सर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। सड़क कंजस्टेड होने के कारण हालात पहले से ही बिगड़े हुए हैं। ऐसे में जब राज्य के मुख्य मेला आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं, पर्यटकों और भारी वाहनों का दबाव कई गुना बढ़ जाएगा, तब यहां की यातायात स्थिति कैसी होगी, यह सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह मार्ग मेला क्षेत्र से जुड़ा महत्वपूर्ण रास्ता है, लेकिन अब तक न तो वैकल्पिक मार्गों की स्पष्ट योजना बनाई गई है और न ही यातायात सुधार के ठोस कदम उठाए गए हैं। नेशनल हाईवे और पीडब्ल्यूडी द्वारा इस संवेदनशील मार्ग पर स्पीड ब्रेकर, संकेतक बोर्ड, अस्थायी पार्किंग व्यवस्था और ट्रैफिक नियंत्रण के उपाय न किए जाना चिंता का विषय है। यदि समय रहते प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया तो मेला अवधि में यह इलाका जाम का केंद्र बन सकता है, जिससे आम नागरिकों के साथ-साथ श्रद्धालुओं को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ेगी। अब जरूरत है कि मेला शुरू होने से पहले इस पूरे मार्ग का निरीक्षण कर तत्काल यातायात प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था की जाए, ताकि आयोजन की भव्यता अव्यवस्था में न बदले।

### ट्रैफिक जाम की बनेगी स्थिति

*मेला आयोजन से पहले यातायात अव्यवस्था की आशंका, नेशनल हाईवे और पीडब्ल्यूडी की उदासीनता उजागर*

राज्य के मुख्य मेला आयोजन में अब कुछ ही दिन शेष हैं, लेकिन मेला क्षेत्र और उससे जुड़े मार्गों पर यातायात व्यवस्था को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आ रही है। अनुमान है कि मेले के दौरान लाखो श्रद्धालु और वाहन एक साथ पहुंचेंगे, जिससे जगह-जगह भारी ट्रैफिक जाम की स्थिति बनेगी। इसके बावजूद नेशनल हाईवे अथॉरिटी और लोक निर्माण विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस उपाय नहीं किए गए हैं। मेला मार्गों पर स्पीड ब्रेकर, संकेतक बोर्ड, डायवर्सन योजना और वैकल्पिक रास्तों की व्यवस्था न होने से दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। कई ऐसे चौराहे और कट प्वाइंट हैं, जहां पहले से ही तेज रफ्तार वाहनों का दबाव रहता है, लेकिन वहां न तो ब्रेकर बनाए गए हैं और न ही कोई चेतावनी संकेतक लगाए गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल मेले के दौरान इन्हीं स्थानों पर जाम और हादसे होते हैं, फिर भी जिम्मेदार विभाग सबक नहीं ले रहे। नगरवासियों और जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि मेला शुरू होने से पहले नेशनल हाईवे और पीडब्ल्यूडी तत्काल समन्वय बनाकर स्पीड ब्रेकर निर्माण, अस्थायी बेरिकेटिंग, डायवर्सन प्लान लागू करें। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो मेले की भव्यता अव्यवस्था में बदल सकती है और श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। अब देखना यह है कि प्रशासन और संबंधित विभाग चेतते हैं या फिर मेला शुरू होने के बाद हालात बिगड़ने का इंतजार किया जाएगा।

## श्रद्धालुओं के लिए 15 दिनों तक चलेगा निशुल्क भोग भंडारा

**राजिम।** राजिम कुंभ कल्प मेला 1 फरवरी माघ पूर्णिमा से लगने जा रहा है जो महाशिवरात्रि 15 फरवरी तक चलेगा। मेले में आने वाले सभी श्रद्धालुओं को साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति द्वारा निशुल्क भोजन कराया जाएगा। यह आयोजन हर साल होता है। यह भोग भंडारा विधायक रोहित साहू एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के पूर्व उपाध्यक्ष भुवनेश्वर साहू के मार्गदर्शन में तथा समिति अध्यक्ष लाला साहू के नेतृत्व में संचालित किया जाएगा। भोग भंडारा के प्रथम दिवस माघ पूर्णिमा 1 फरवरी को समिति अध्यक्ष लाला साहू द्वारा अपने स्वर्गीय माता-पिता की स्मृति में विशेष रूप से आयोजित किया जाएगा। बता दें कि छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन कुंभ मेले में बड़ी संख्या में लोग व्यवसाय एवं लाभ के




उद्देश्य से आते हैं, परंतु राजिम भक्तिन माता समिति पिछले 5 वर्षों से लगातार सामाजिक समरसता के भाव के साथ धर्मार्थ सेवा कर रही है। समिति द्वारा प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं को भरपेट, स्वादिष्ट एवं निशुल्क भोजन कराया जाता है। इस पुण्य कार्य के लिए समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि दानदाता अर्थदान कर सहयोग प्रदान करते हैं।

समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने बताया कि भोग भंडारा की विशेषता है कि इसमें एचएमटी चावल के साथ छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध पारंपरिक व्यंजन सलगा बरा, ढिल्लाबड़ा, डुबकी बड़ा,भजिया, बूंदी कढ़ी एवं बेसन कढ़ी प्रतिदिन श्रद्धालुओं को परोसी जाती है। विधायक रोहित साहू की अनुशंसा पर जिला प्रशासन द्वारा भोग भंडारा के लिए विशाल डोम भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को साहू छात्रावास में एक आवश्यक बैठक आहुत की गई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यह सेवा कार्य राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के मार्गदर्शन में सर्व समाज के सहयोग से लगातार 15 दिनों तक संचालित होगा। बैठक में समिति के संरक्षक भुवनेश्वर साहू, अध्यक्ष लाला साहू, नूतन साहू, आलोक साहू, रामकुमार साहू, भोले साहू, ओंकार साहू, डीगेश्वर साहू, सुरेंद्र साहू, विष्णु साहू, श्याम साहू, पूरन साहू, रमेश साहू, राजू साहू, दिनेश्वर साहू, मेघु साहू, रविशंकर साहू, राजू तेली, झाड़ू साहू, चोवाराम साहू, गंगाराम साहू, छगन साहू, सुनीति साहू ,नंदकिशोर शर्मा ,पकलू ठाकुर उपस्थित थे।

### आज मनाई जाएगी बसंत पंचमी

**मैनपुर।** बसंत पंचमी का पर्व 23 जनवरी शुक्रवार को मनाया जाएगा, इसे लेकर मंदिरों में तैयारी शुरू हो गई है। देवी-देवताओं का विशेष श्रृंगार होगा, वहीं मंदिरों में पूजन किया जाएगा। माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को बसंत पंचमी कहा जाता है। छात्र व छात्रएं मां सरस्वती के साथ पुस्तक, कापी और कलम की पूजा करते हैं। संगीतकार वाद्ययंत्रें और चित्रकार अपनी तूलिका की पूजा करते है। बसंत पंचमी का पर्व बुद्धि और ज्ञान की देवी मां सरस्वती को समर्पित है। इस दिन ज्ञान, संगीत और कला की साधना के लिए विशेष पूजा की जाती है। पीले वस्त्र, पीले फूल, बूंदी के लड्डू, मालपुआ, खीर और पीले चावल अर्पित किए जाते हैं। बसंत ॠतु के आगमन के प्रतीक इस पर्व पर मंदिरों में फाग महोत्सव की शुरूआत भी होती है, जहां भगवान को गुलाल अर्पित किया जाता है। पंडित योगेश शर्मा ने बताया कि बसंत पंचमी भारत का एक प्रमुख सांस्कृतिक और धार्मिक पर्व है। यह पर्व माघ मास की शुक्ल पंचमी तिथि को मनाया जाता है और वसंत ॠतु के आगमन का प्रतीक माना जाता है। इस दिन प्रकृति में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होता है। खेतों में सरसों के पीले फूल खिल उठते हैं, पेड़ों पर नई कोपलें आती हैं और वातावरण उल्लासपूर्ण हो जाता है।












प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123